6 - ईमान के लिये लाज़मी इन छः अरकानों में से छठा **अच्छी और बुरी तकदीर का अल्लाह तआला की जानिब से होने पर ईमान लाना।** इन्सानों पर आने वाली ख़ैर या शर, फायेदा या नुकसान, मुनाफा या ख़सारा सब अल्लाह तआला की तय की हुई तकदीर की वजह से है। कदर के लफ़्ज़ी मायनें, किसी चीज़ को मापना हुक्म और अम्र देना बहुतात और बड़ा होने भी मुराद है। अल्लाह तआला का किसी चीज़ के मुताल्लिक़ अज़ल में चाहने को कदर कहा जाता है। कदर यानी किसी चीज़ की मौजूदगी चाही गई और उसका

वक़्त पज़ेर हो जाना **क़ज़ा** कहलाता है। क़ज़ा और कदर के कलिमात को एक दूसरे की जगह भी इस्तेमाल किया जाता है। इस के मुताबिक कज़ा अज़ल से अब्द तक जिन चीज़ों की तख़्लीक होनी है उन्हें अल्लाह तआला की जानिब से अज़ल ही में चाहा जाना मुराद है। इन सब चीज़ों का कज़ा के मुताबिक, कुछ कम या कुछ ज़्यादा हुए बैगर तख्लीक किया जाना कदर कहलाता है। अल्लाह तआला अज़ल में, ला मतनाही कबले अज़ल से ही वक़्त पेज़ेर होने वाली हर शय का इल्म रखता है। बस इस इल्म को ही **कज़ा और कदर** कहा जाता है। कदर पर ईमान लाने के लिए लाज़िम है कि अच्छी तरह से जान लिया और यकीन कर लिया जाये कि,अल्लाह तआला ने किसी चीज़ को तख़्लीक करने का इरादा अज़ल में ही किया और उस के होने को चाहा तो, कम या ज़्यादा हुए बग़ैर उस शय की तख़्लीक-ए-ऐन वैसे ही होगी जैसा उसने चाहा था। जिस चीज़ को चाहा और उस का न होना या जिस चीज़ के न होने को चाहा और उस का हो जाना, नामुमकिन है।

सब नबातात, हैवानात, बेजान (ठोस, माया, गैस, सितारे, मौलिक्यूल, जौहर, बरकी मौज हर शय की हरकत, कीमाई रदुल अमल, मरकज़ी रद्दो अमल, तवानाई का बहाव, जानदारो में हयात), हर शय का होना न होना बन्दों के अच्छे या बुरे आमाल दुनिया और आख़िरत में उन की जज़ा का पाना और हर शय अज़ल में ही अल्लाह तआला के इल्म में थी। इन सबको वो अज़ल में ही जानता था। अज़ल से अबद तक पैदा की जाने वाली शय को, उस के ख़ुसूसियात को, हरकात को और वाकियात को अज़ल में अपने इल्म के मुताबिक ही पैदा फरमाता है। इन्सानों के अच्छे या बुरे सब आमाल को, उन के मुसलमान होने को, उन के कुफ़्र को, रज़ामन्दी या ग़ैर रज़ा मन्दी से होने वाले सब कामों को अल्लाह तआला ही तख़्लीक फरमाता है। तख़्लीक करने वाला और पैदा करने वाला सिर्फ वही ज़ात है। असबाब्स की वजह से पैदा हुई हर

शय का ख़ालिक वही है। **वो हर शय को एक सबब के नतीजे में पैदा करता है।**

मिसाल के तौर पर, आग जलाती है। हालांकि जलाने वाला अल्लाह तआला हे। आग का जलाने से कोई सरोकार नही। लेकिन उस की आदत है कि हर चीज़ को आग हुए बग़ैर वो जलाने को पैदा नही फरमाता। आग सुलगाने की हद तक गर्मी पहुँचाने से बढ़ कर कोई काम नही करती। सही तरह से ना देखने वाले यही समझेंगे कि ये सब आग ने किया है। जलाने वाली, जलने का रददो अमल दिखाने वाली आग नही है। ऑक्सीजन भी नही है। गर्मी भी नही है। इलैक्ट्रान का बहाव भी नही है। जलाने वाला सिर्फ अल्लाह तआला है। उन सबको उसने जलने के असबाब के तौर पर पैदा कर दिया है। कोई बे इल्म शख़्स यही ख़्याल करेगा कि आग जलाती है। इब्तदाई तालीम हासिल करने वाला "आग जलाती है" जैसे जुम्ले को पसन्द नही करेगा। बल्कि वो कहेगा कि हवा जलाती है। औसत दरजे की तालीम हासिल करने वाला, इस बात को क़ुबूल न करेगा और कहेगा कि हवा में पाई जाने वाली ऑक्सीजन जलाती है। कॉलेज की तालीम हासिल करने वाला कहेगा कि जलाना ऑक्सीजन के लिए मख़सूस नही। हर एक शय जो इलैक्ट्रोन खींचे वो जलाने वाला होता है। जबकि यूनिवर्सिटी की तालीम हासिल करने वाला माद्दे के साथ साथ तवानाई को भी शामिल करेगा। इससे पता चलता है कि इल्म के इरतिका के साथ साथ काम का अन्दरूनी चेहरा सामने आने लगता है, और हमें समझ आती है कि जिन को हम सबब मानते है उन के पीछे दरअसल कई एक असबाब पाये जाते है। इल्म के फन के, सबसे आला दरजा पर फायज़, हकाइक को मुकम्मल देखने वाले पैग़म्बर (अलैहिस्सलाम) और उन अज़ीम शख़सियात के नक्शे कदम पर चल कर इल्म के समुंदर से कतरे पाने वाले उलमाये इस्लाम (रहमतुल्लाह) ने आज उन चीज़ों को जिन के बारे में ख़्याल

किया जाता है कि वो जलाने वाली है या बनाने वाली है, आज़िज़ और ज़वाल पज़ेर वास्ता और मख़लूक करार दिया है और बयान करते हैं कि हकीकी बनाने वाला, पैदा करने वाला दर असल सबब नही अल्लाह तआला है। जलाने वाला अल्लाह तआला है। वो बिना आग भी जला सकता है। लेकिन आग से जलाना उसकी आदत है। अगर वो जलाना न चाहे तो आग के अन्दर भी नही जलाता। जैसे उसने हज़रत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) को न जलाया था। उन से मुहब्बत की वजह से उसने अपनी आदत को बदल दिया। (इसी लिए ऐसे माद्दे भी पैदा कर दिये है जिन की वजह से आग जल नही पाती। किमयागिर ऐसे माद्दो का इल्म रखते है।)

अल्लाह तआला अगर चाहता तो हर शय को बे सबब पैदा फरमा देता। बिना आग ही जला देता। बग़ैर खाने के पेट भर देता। बिना जहाज़ ही उड़ा देता। बग़ैर रेडियो, दूर दराज़ की आवाज़ सुनवा देता। लेकिन उसका यह लुत्फ हुआ कि अपने बन्दों के साथ भलाई की और हर शय की तख़लीक को किसी न किसी सबब से जोड़ दिया। उसने चाहा कि खास चीज़ों की तख़लीक को, खास असबाब के साथ पैदा किये जाये। आमाल को असबाब के तहत पोशीदा फरमा दिया। उसने अपनी कुदरत को असबाब के तहत छुपा दिया। अगर कोई यह खवाहिश रखता है कि वो कोई शय पैदा करे, तो वो शख़्स उस शय के असबाब के हुसूल में जुट जाता है और उस शय को पालता है। जैसे दिया जलाने की ख़वाहिश रखने वाला, माचिस का इस्तेमाल करता है। ज़ैतून का तेल निकालने की खवाहिश रखने वाला दबाव के आला का इस्तेमाल करता है। सर दर्द से निजात चाहने वाला एसप्रिन खाता है। जन्नत की बेइन्तिहा नेअमतों के हुसूल की चाह रखने वाला, इस्लामियत पर अमल करता है। [ख़ुद पर पिस्तौल दागने वाला मर जाता है। ज़हर पीने वाला मर जाता है। पसीने से सराबोर हालत में ठंडा पानी पीने वाला बीमार हो जाता है। गुनाह

का मरतकब और ईमान से हाथ धो लेने वाला जहन्नमी पज़ीर होगा। कोई शख़्स जिस सबक के लिए महनत करेगा, उस शे को पा लेगा जिस के लिए उस सबब को वास्ता बनाया गया है। इस्लामी कुतुब को पढ़ने वाला इस्लामियत सीखता है और मुसलमान बन जाता है। बेदीनों और बेमज़हबों के दरमियान रहने वाला उन की बातों पर कान घरने वालो दीन का जाहिल बन जाएगा। दीन के जाहिल मे से अकसर काफिर होते है। इंसान जिस सवारी पर सफर करेगा उसी की मंज़िले मकसूद पर जा पायेगा।]

अगर अल्लाह तआला ने कामों को सबब के साथ पैदा न फरमाया होता कोई किसी का मोहताज ना होता। हर कोई हर शय अल्लाह से मांगता और इस के हसूल के लिए कोई काम ना करता। ऐसी हालत में इंसानों के दरमियान आमिर मामूर मज़दूर सनअत कार तालिबे इल्म उस्ताद और कई ऐसे इंसानी रिश्ते ना होते दुनिया और आख़िरत का निज़ाम बिगड़ जाता। ख़ूबसूरतों बदसूरतों, अच्छे और बुरे, फरमाबरदार और नाफरमानों के दरमियान कोई फरक ना रहता।

अल्लाह तआला चाहता तो अपनी आदत कुछ और ही बना लेता। हर शै को अपनी उस आदत के मुताबिक तख़्लीक फरमाता। मसलन अगर वो चाहता तो काफिरों को जो दुनिया के ज़ौकी सफा में खोये हुए हैं, लोगों को तकलीफ देते है, इंसानों को धोखा देते हैं उन्हे जन्नत में दाख़िल फरमा दे। साहिबे ईमान, इबादत गुज़ार नेक लोगों को जहन्नम में डाल देता। लेकिन आयाते करीमा और अहदीस शरीफा बताती है के उसने ऐसा नही चाहा।

इंसानों के हर काम, उस की बाइरादा और बिला इरादा हरकात को पैदा करने वाली ज़ात वही है। बंदों के इख़्तियारी यानी बाइरादा की जाने वाली

हरकात के लिए और सब कामों को पैदा करने के लिए, उस ने अपने बंदों में **इख़्तियार** और **इरादा** पैदा फरमा दिया, उस चुनाव और ख़्वाहिश को, कामों की तख़्लीक के लिए सबब बना दिया। एक बंदा, जब कोई काम करने को इख़्तियार करता है, उसे चाहता है तो अल्लाह तआला भी अगर चाहे तो वो काम तख़्लीक फरमा देता है। अगर बंदा ना चाहे और मांगे अल्लाह तआला भी ना चाहे तो उस चीज़ को पैदा नही फरमाता। वो शै सिर्फ बनदे की ख़्वाहिश से भी पैदा नही की जाती। उस ज़ात का चाहना भी ज़रूरी है। बंदों की ख़्वाहिश का तख़्लीक किया जाना ऐसे ही है जैसे किसी शै का आग के छूने से जलने का पैदा ना होना। छूरी के छूने से कटना तकलीफ होता है। काटने वाली छूरी नही, वो ज़ात है। उसने काटने के लिए छूरी को सिर्फ एक सबब बना दिया है। उसका मतलब है के, बंदों की इख़्तियारी हरकात पैदा किए जाने का सबब, उनका अपने इख़्तियार से हरकत को तरजीह देना और चाहना है। लेकिन कायनात में होने वाली हरकात, बंदों के इख़्तियार करने की वजह से नही है (ये सब अल्लाह तआला के चाहने से दूसरे ही असबाब से पैदा की जाती है। हर शय की सूरतों की जररों की कतरों की, ख़लियों की जिरासीम की एहामी माअदों की, उन की ख़ुसूसियात को और उनकी हरकात को पैदा करने वाली ज़ात वही है। उसके सिवा और कोई ख़ालिक नही अलबत्ता, वे जान माअदे की हरकात और इंसानों हैवान की इख़्तियारी हरकात के माबैन कुछ फर्क पाए जाते है, बंदे अगर अपने इख़्तियार से कुछ करना चाहे तरजीह दे और चाहे, फिर वो ज़ात भी चाहे तो अपने बंदे को हरकत देता है और वो काम तख़्लीक करता है। बंदे का हरकत में आना उसके अपने बस में नही है। उसे यह ख़बर भी नही होती कि वो कैसे हरकत करता है। [इंसान की हर हरकत कई तवानाई और कीमयादी हादसात से हासिल होती है।] वे जान चीज़ों को हरकत में **इख़्तियार करना** नही पाया जाता, आग के छूने से, जलने के पैदा होने में, आग की कोई तरजीह या चाह नही पाई जाती। [अपने प्यारे

बंदों की और जिन पर उसे रहम आ जाए उनकी अच्छी, मुफीद ख़्वाहीशात को अगर वो ज़ात भी चाहे तो पैदा कर देता है। उनकी बुरी और नुकसानदेह ख्वाहीशाद को वो नही चाहता और उसे पैदा नही करता। उसके उन बंदों से हमेशा अच्छे और मुफीद काम हासिल होते है। ये लोग कई एक काम हासिल ना होने की वजह से अफसुरदा होते हैं। अगर वो ये जान सकते सोच सकते कि ये काम नुकसानदेह होने की वजह से पैदा नही किए गए तो कभी अफसुरदा ना होते। इसके बर अक्स वो ख़ुश होते और अल्लाह तआला का शुकर अदा करते। अल्लाह तआला ने इंसानों के इख़्तियार को इख़्तियारी कामों को उनके कलूब के इख़्तियार और इरादे करने के बाद पैदा होने के मुताल्लिक़ अज़ल ही में इरादा कर लिया था और चाहा था के ऐसा हो। अगर उसने अज़ल मे यूँ ना चाहा होता, हमारी इख़्तियारी हरकात को भी हमारी मरज़ी के बग़ैर, वो ज़ात ज़बरन पैदा फरमाता। हमारी ख़्वाहिश पर मबनी कामों का हमारी ख़्वाहिश के बाद पैदा किया जाना इसलिए है के उसने अज़ल में यूँ ही चाहा था। इस का मतलब ये है के उस ज़ात का इरादा हाकिम होता है।]

बंदों की इख़्तियारी हरकात दो चीज़ों से पैदा होते है पहली बंदे की कलबी इख़्तियार इरादे और कुदरत से मुताल्लिक है। इसलिए, बंदे की हरकात को **कस्ब करना** कहा जाता है। कसब इंसान की सिफत है। दूसरी अल्लाह तआला के तख़्लीक करने और पैदा करने से मुताल्लिक़ा है। अल्लाह तआला को अवामिर नवाही सवाब और अज़ाब पैदा करना इंसानों में कसब पाए जाने की वजह से है। **सुरह साफ्फात 96**वीं आयते करीमा में **हाँलाकि के अल्लाह ने पैदा किया है तुमको भी और उन कामों को भी जो तुम करते हो** इरशाद फरमाया गया। ये आयत करीमा, इंसानों में कसब यानी हरकात में अलबी इख़्तियार और **इरादाए ज़ातिया** पाए जाने और जबर के ना पाए जाने का खुला सबूत है। इसलिए उसे **इंसान का काम** कहा जाता है। मसलन कहा जाता है के

अली ने मारा है अली ने तोड़ दिया है। इसलिए साथ साथ यह ज़ाहिर करता है के हर शै एक कज़ा और कदर के साथ पैदा होती है।

बंदे का काम बनाने में पैदा करने में पहले लाज़मी है के बंदा उस काम के लिए अपने कलबी इख़्तियार और इरादे को बरूए कर ले बंदा वो सब इरादा करता है जो उसके इख़्तियार में हो। उस ख़्वाहिश और चाह को **कस्ब** कहा जाता है। आमदी मरहूम के मुताबिक ये कसब कामों की तख़्लीक में सबब बनता है और मुअस्सर होता है। यह कहने में भी कोई नुकसान नहीं कि सब इख़्तियारी काम की तख़्लीक में मुअस्सिर नही होता। क्योंकि तख़्लीक किया जाने वाला काम और वो काम जो बंदे ने चाहा मुख़्तलिफ नहीं। मतलब ये के बंदा हर वो काम नही कर सकता जो बंदा नही चाहता। बंदे की चाह का हर काम ना हो, ये बंदगी नही, बल्कि अहलियत के लिए उठ खड़ा होना मुराद है। अल्लाह तआला ने अपना लुत्फो एहसान फरमाते हुए रहम करते हुए अपने बंदों के एहतियाज की हद तक और अवामिर नवाही पर अमल करने की हद तक कुव्वती कुदरत यानी तवानाई दी है। मसलन साहिबे सेहत और दौलत वाला शख़्स अपनी उमर में एक बार हज के लिए जा सकता है। आसमान पर रमज़ान का हिलाल देख कर हर साल एक माह के रोज़े रख सकता है। चौबीस घंटो में पाँच वक़्त की फर्ज़ नमाज़ अदा कर सकता है। निसाब की मिकदार में माल और पैसे का मालिक, एक हिजरी साल गुज़रने के बाद हिस्से की मुकरर्र सोना चांदी अलैहिदा घर के मुसलमानों को ज़कात दे सकता है। इस से साफ ज़ाहिर है कि इंसान अपनी चाह का काम चाहे तो कर लेता है न चाहे तो नही करता। अल्लाह की बड़ाई उस से भी समझी जा सकती है। वह लोग जो जाहिल और अहमक है, कज़ा और कदर की बातें न समझ कर, उलमाये अहले सुन्नत वल जमाअत की बातों को नही मानते। बन्दों की कुदरत और इख़त्यारात में शुबा करते है। इन्सान को अपनी चाह के नामों में आजिज़ और मजबूर समझते है। बाज़ कामों में बन्दे को बेइख़त्यार देख कर अहले सुन्नत पर

ज़बान दराज़ी करते है।इन बातिल अल्फाज़ से साबित है के वह खुद इरादाऔर इख्तयार के मालिक है।

कोई काम करने या न करने की नोअइयत को **कुदरत** कहा जाता है।करने या न करने में तरज़ी और चुन्ने को **इखत्यार** और चाहना कहा जाता है।जिस चीज़ पर इख्तयार हो उसे करने की सोच को **इरादा** और ख़्वाहिश करना कहा जाता है।एक काम को कबूल करना, मुख्वालफत न करने को **रज़ा** और पसन्द करना कहा जाता है।काम में तासीर की शरत के साथ इरादे और कुदरत के उख्वड़े होने को **खल्क** और पैदा करना कहा जाता है।तासिर के बग़ैर सब के उख्वड़े होने को **कसब** कहा जाता है।हर साहबे इख्तयार का ख़ालिक होना लाज़मी नही।उसी तरह हर उस शैय पर जिस का इरादा किया जाये, जरूरी नही के राज़ी हुआ जाये।अल्लाह तआला जिसको ख़ालिक और मुख़्तार कहा जाता है।बन्दे को कासिब और मुख्तार कहा जाता है।

अल्लाह तआला अपने बन्दों की इताअत और गुनाहों का इरादा करता है और उन्हें तख़्लीक करता है।लेकिन वह इताअत से राज़ी होता है, गुनाहों से राज़ी नही और उन्हें पसन्द नही करता।हर शैय उस ज़ात के इरादे और ख्लक करने से पैदा होती है।सूराह आज़म की 102वीं आयत करीम में इरशाद फरमाया गया है **, नही है कोई माबूद सिवा तुम्हारे रब के , जो पैदा करने वाला हे हर चीज़ का**।

मुतज़िला फिरका के लोग इरादे और रिज़ा के दरमियाँ फरक न देख पाने की वजह से उलझ कर रह गये।उन्होंने कहा के इन्सान अपनी ख्वाहिश का हर काम ख़ुद पैदा करता है।कज़ा और कदर का इंकार किया।**जबरिय्या** कुल मिलाकर ख़ुद उलझन में थे।ख्लक किये बग़ैर इख्तयार मिलने को समझ न पायें।ये सोच कर के इंसान को कोई इख्तयार हासिल नहीं, उसे पत्थर,

लकड़ी जैसी चीज़ों से मुमासलत दी। कहने लगे कि इन्सान सम हाशा साहबे गुनाह नही। सब बुराइयाँ करवाने वाला अल्लाह तआला है। जबरिया फिरके के मुन्तासिबीन के मुताबिक अगर इन्सान में इरादा और इख़्त्यार न होता और अल्लाह तआला बुराई और गुनाह ज़बर से करवाता तो हाथ पैर बान्द कर पहाड़ से नशेब की जानिब लुढ़कायए शख़्स और ऐतराफ की मनाज़िर से लुतफ अन्दोज़ हो कर टहलते हुए उतरने वाले शख़्स की हकीकात में किसी किसम का फरक नही होना चाहिए। हालांकि पहले शख़्स का ज़बरी के साथ लुढ़काना और दूसरे का उतरना इरादे और इख़्त्यार से हुआ है। दोनों के दरमियान तफरकिन करने वाले की नज़र में ज़रूर कोई ख़राबी है। उस से बढ़कर ये कि वो आयत करीमा का इनकार करेगा। और इस तरह अल्लाह तआला के अवामरोनुवाही को फौज़ूल और बे माइने समझेगा। मोतज़िला या कदरिया नामी फिरके के मनसूबीन के मुताबिक ये ख़्याल किया जाना के इन्सान अपनी चाह की चीज़ को खुद पैदा करता है, ऐसे ही है जैसे (हर शैय का ख़ालिक अल्लाह तआला है) वाली आयत करीमा का इंकार करना और उस के अलावा ये तख़्लीक में इंसान को अल्लाह तआला का शरीक ठहराये जाने के मतरादिफ है।

शिया भी मुताज़िला की तरह कहतें है के इंसान अपनी चाह की चीज़ को खुद पैदा करता है। उसकी सुन्द के तौर पर उस गधे को दिखाते है। जो डन्डों की मार खाने के बावजूद पानी से नही गुज़रता। वह यह नही सोचते के इन्सान अगर कोई काम करना चाहे और अल्लाह तआला उस काम को न चाहे तो होगा वही जो अल्लाह तआला चाहे। मुताज़िला के अल्फाज़ का बातिल होना समझ आता है। यानी इन्सान अपनी मरज़ी का हर काम न कर सकता है और न पैदा कर सकता है। उनके मुताबिक अगर इंसान अपनी मरज़ी से हर काम कर सकता तो अल्लाह तआला का आजिज़ होना साबित होता है। जबके अल्लाह तआला आजिज़ी से मुनज़्ज़द और पाक है। बिला शुबा हर काम उसके

इरादे के तहत होता है। हर शैय को पैदा करने वाली, वुजूद में लाने वाली ज़ात सिर्फ वही है,] लूहियत इसी का नाम है। इंसान के लिए उसने तख़्लीक किया हमने तख़्लीक किया उन्होंने तख़्लीक किया जैसे अल्फाज़ कहना लिख्ना निहायत कबीर फेल है। ये अल्लाह तआला की बेअदबी है और कुफ़्र का सबब है।

[**ईतिकाद नामा** किताब का तर्जुमा यहाँ मुकम्मल हुआ। ये तर्जुमा करने वाले हाजी फैज़ उल्लाह अफेंदी का तअल्लुक एरज़िनजान शहर के कमाह नामे कस्बे से है। अरसा दराज़ सौका शहर में मदरिस का वज़ीफा सर अंजाम दिया, **1323** हिजरी (**1905** ई०) में वफात पाई। किताब के मुअल्लिफ मौलाना ख़ालिद बगदादी उसमानी कुद्दूसा सिररूहु, **1192** हिजरी में बग़दाद के शुमाल में वाका शहर रोज़ में पैदा हुए, **1242** हिजरी (**1826** ई०) में दमिश्क में वफात पाई। आप (रहमतुल्लाह अलैहि) का सिलसिला हज़रत उसमान (रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु) ज़िन्नूरैन से मिलने की वजह से आप (रहमतुल्लाह अलैहि) को उसमानी कहा जाता है। एक दिन आप (रहमतुल्लाह अलैहि) अपने भाई हज़रत मौलाना महमूद साहब (रहमतुल्लाह अलैहि) को इमाम नबवी (रहमतुल्लाह अलैहि) की किताब **हदी से अरबाईन** मे से दूसरी हदीस यानी **हदीस जिबराईल** (अलैहिस्सलाम) पढ़ा रहे थे। आप (रहमतुल्लाह अलैहि) के छोटे भाई मौलाना महमूद साहब (रहमतुल्लाह अलैहि) ने आप (रहमतुल्लाह अलैहि) से दरख्वास्त की के वो इस हदीस शरीफ को वज़ाहत के साथ तहरीर फरमा दे। हज़रत मौलाना ख़ालिद बग़दादी (रहमतुल्लाह अलैहि) ने अपने भाई के नूरानी कलब को ख़ुश करने के लिए यह ख़्वाहिश पूरी कर दी, इस हदीस शरीफ की वज़ाहत फारसी ज़बान में कर दी।]

शरीफुद्दीन मुनीरी के दो ख़त
(रहमतुल्लाहि तआला अलैहि)

शरीफुद्दीन अहमद इब्ने यहया मुनीरी हिन्दिस्तान में इस्लाम के बहुत बड़े आलिम थे उन्होंने अपनी फारसी किताब **मकतूबात** में लिखा:

"कई लोग शक व शुब्हे में पड़ कर गलत हो जाते है। ऐसे कुछ बीमार ज़हनियत के लोग कहतें है, अल्लाह तआला को हमारी इबादत की ज़रूरत नही। हमारी इबादत से उसे कोई फायदा नही। चाहे सब लोग उसकी इबादत करे या सब काफिर हो जाये, इससे उसकी शान पर कोई फर्क नही पड़ेगा। जो लोग इबादत करते है वो बेकार में खुद को तकलीफ देते है। यह तर्क गलत है; वो जो इस्लाम नही जानते ऐसा कहतें है क्योंकि वो सोचते है कि इबादत का हुकम इसलिए दिया गया है क्योंकि वो अल्लाह के लिए जरूरत है। यह मुमकिन को नामुकिन से उलझाने वाला गलत अनुमान है। कोई भी इबादत किसी भी शख़्स के ज़रिये की हुई सिर्फ उसी के फायदे के लिए होती है। अल्लाह तआला ने खुद सूरह फातिर की अट्ठारहवी आयत में ऐसा साफ बयान किया है। वो शख़्स जो ऐसी गलत ख़्याल रखता है वो उस बीमार इन्सान की तरह है जिसे डॉक्टर ने कोई ग़िज़ा बताई हो और वह वो ग़िज़ा नही लेता और कहता है, अगर में यह ग़िज़ा न लूँ तो डॉक्टर का तो कोई नुकसान नही है। वो सही कहता है कि इससे डॉक्टर को कोई नुकसान नही होगा। पर इससे उस शख़्स को खुद नुकसान होगा। डॉक्टर ने उसे ग़िज़ा इसलिए नही बताई कि उससे डॉक्टर का फायदा होगा बल्कि उससे उस मरीज़ की बीमारी का इलाज हो जायेगा। अगर वो डॉक्टर की सलाह मानता है तो वो ठीक हो

जायेगा। अगर वो सलाह नही मानता तो वो मर जायेगा और इससे डॉक्टर को फिर भी कोई नुकसान नही होगा।

"कुछ और गलत ज़हनियत वाले लोग कभी इबादत नही करते और न हराम करने से बाज़ आते है। यानी वो इस्लाम के रास्ते पर नही चलते। वो कहते हैं, 'अल्लाह निहायत रहम वाला और करीम है। वो अपने इन्सानी बन्दों पर बहुत रहम करता है। उसकी माफी देना अज़ीम है। वो किसी को अज़ाब नही देगा।' हाँ, यह लोग अपने पहले जुम्ले में सही है पर आखिरी जुम्ले में गलत। शैतान ने उन्हें धोखा दिया है और नाफरमानी के रास्ते पर गुमराह किया है। एक मुनासिब इन्सान कभी भी शैतान के धोखे में नही आता। अल्लाह तआला सिर्फ रहीम और करीम ही नही है बल्कि वो बहुत सख्त अज़ाब देने वाला भी है। हम गवाह है कि इस दुनिया में कितने लोग गरीबी और तक्लीफ मे रह रहे हैं। बिना किसी झिझक के उसने अपने कितने बन्दों को अज़ाब में डाल रखा है। हाँलाकि वो बहुत रहमदिल और रज़्ज़ाक है पर वो रोटी का एक टुकड़ा नही देता जब तक खेतों में जाके पसीना न बहाया जाये। हाँलाकि वो हर किसी को भी ज़िन्दा रखने वाला है, पर वो बिना खाने या पीने के किसी को ज़िन्दा नही रखता। वो इन्सान जो दवा नही लेता वो उसे ठीक नही करता। उसने हर इन्सानी नेअमत के लिए ज़रिये बनाये है जैसे ज़िन्दा रहना बीमार न होना या ज़मीन का मालिक होना और जो लोग दुनियावी नेमतों के लिए रोज़ा नही रखते उनको महरूम करने में भी कोई रहम नही दिखाता। दो बहुत मशहूर हदीस शरीफ है: **भीख देकर अपने बातिल का इलाज करो!** और **हर बीमारी की दवा इस्तग़फार है**। काफी दवाईयाँ मौजूद है। उन्हें जानने के लिए तर्जुबा चाहिए। रूहानी दवाईयों का इस्तेमाल किसी को दुनियावी दवा पाने में भी मदद करता है। और दूसरी दुनिया में रहमत पाने का सबब बनता है। तो यह सब काम दूसरी दुनिया की रहमत पाने के लिए है। उसने रूह को बरबाद करने वाली चीज़ें जैसे कुफ्र और नाफरमानी को भी बनाया है। और सुस्ताई रूह को बीमार बना देती

है। अगर दवा न ली जाये तो रूह बीमार हो जायेगी और मर जायेगी। कुफ़्र और नाफरमानी की बस एक दवा है इल्म और मारीफत। और सुस्ती की दवा है नमाज़ और तरह की इबादत। अगर इस दुनिया में कोई इन्सान ज़हर खा लेता है और कहता है कि अल्लाह बहुत रहम वाला है और वो मुझे इस ज़हर से बचायेगा, तो इन्सान बीमार हो जायेगा और मर जायेगा। अगर कोई डायरीया का मरीज़ रेंडी का तेल पी ले [या कोई शुगर का मरीज़ चीनी खा ले] तो उसकी हालत और ख़राब हो जायेगी। किसी चीज़ की हवस, यानि नफ्स की चाह इन्सान के दिल को बीमार बना देती है। अगर कोई शख़्स सोचता है कि हवस या नफ्स के पीछे भागना गुनाह और ख़तरनाक है तो उसका हवस के पीछे जाना उसके दिल को नही मारेगा अगर वो इसके नुकसान पर यकीन नही करेगा तो वो उसके दिल को मार देगा क्योंकि वो जिसे यकीन न हो वो काफिर बन जाता है। और कुफ़्र दिल और रूह के लिए ज़हर है।

"दूसरा खेमा गलत ज़हनियत वालों का **रियादा** में आता है जिससे वो भूख से बीमार रहते है ताकि वो अपनी हवस गज़ब और वहशी ख़्वाहिशातों को ख़त्म कर सके जोकि इस्लाम में मना है। वो सोचते हैं कि सब ख़त्म करने का हुकम इस्लाम देता है। भूख के हालातो से गुज़रने के बाद वो पाते है कि उनकी यह शैतानी ख़्वाहिशातों का ख़ात्मा नही हुआ है और वो यह फैसला निकालते है कि इस्लाम उन चीज़ों का हुकम देता है जो नामुमकिन है। वो कहतें है, इस्लाम का यह हुकम पूरा नही किया जा सकता। इन्सान इस कायनात में मौजूद आदतों से पीछा नही छुड़ा सकता। ऐसा करने की कोशिश करना एक रंगीन इन्सान को सफेद बनाने जैसा है। नाममुकिन चीज़ करने की कोशिश करना ज़िन्दगी को बरबाद करने जैसा है। वो गलत दिशा में सोचते और करते है। और उनका दावा यह है कि इस पागलपन और जहालत के लिए इस्लाम हुकम देता है इस्लाम में इन्सान की ख़ासियत जैसे हवस और ग़ज़ब को ख़त्म करने का हुकम नही देना चाहिए था। ऐसा दावा इस्लाम की बदनामी है। अगर

इस्लाम में इस चीज़ का हुकम होता तो इस्लाम के आका मुहम्मद 'सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम' में यह सिफात नही होती। दर असल आपने फरमाया 'मैं भी एक इन्सान हूँ। हर किसी की तरह मुझे भी गुस्सा आता है।' वक़्त ब वक़्त आपको भी गुस्से में देखा गया। अपका गुस्सा सिर्फ अल्लाह के हुकम के लिए होता था। अल्लाह तआला ने कुरान करीम में उन लोगों की तारीफ करी है जो अपने गुस्से को काबू मे कर सकते है। उसने उसकी तारीफ नही की जो कभी गुस्सा ही नही होते। गलत ज़हनियत वाले लोग कहते है कि अपनी हवस खत्म करना वेबुनियाद बात है। असल में रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का नौ औरतों (रज़िअल्लाहु तआला अनहुना) से निकाह करना उनके जुम्ले को साफ तौर पर गलत साबित करता है। अगर कोई शख़्स अपनी हवस खो देता है तो उसे वो दवाईयों के ज़रिये वापिस पानी पड़ती है। यही चीज़ गुस्से के साथ है एक आदमी अपने गुस्से की सिफात से अपने वीवी बच्चों को बचा सकता है। वो इस्लाम के दुश्मनों से अपने इस सिफत की वजह से लड़ सकता है। यह हवस की वजह से ही है कि एक इन्सान के बच्चे होते है जो उसके मरने के बाद भी उसका नाम ज़िन्दा रखते है। ऐसी चीज़ों को इस्लाम में पसन्द किया गया है और तरीफ की गई है।

"इस्लाम गुस्से और हवस को खत्म करने का हुकम नही देता बल्कि उस पर काबू रखने का हुकम देता है और उसे इस्लाम के बताये गये तरीके से इस्तेमाल करने को कहता है। यह उसी तरह है जिस तरह एक घोड़े वाला या कुत्ते का मालिक अपने घोड़े या कुत्ते से दूर नहीं भागता बल्कि उसे इस तरह से काबू में करता है ताकि उसका इस्तेमाल कर सकें। दूसरे लफ्ज़ों में हवस और गुस्सा घोड़े वाले के घोड़े की तरह है। इनके बिना दूसरे जहाँ की नेअमतें नही मिल सकती। पर इनका इस्तेमाल इस्लाम के बताये तरीके से होना चाहिए। अगर उन्हें तरबीयत से नही रखा गया और वो इस्लाम का दायरा तोड़ कर आगे निकल गये तो यह उस इन्सान की बरबादी का सबब बन जायेंगे। रियाज़त का

मकसद इन्हे ख़त्म करना नही है बल्कि इसे तरबीयत देना है और उन्हें इस्लाम का कहा मानना सिखाना है। और यह हर किसी के लिये मुमकिन है।

गलत ज़हनियत के चौथे खेमें के मुताबिक वो खुद को यह कहके धोखे में डालते है कि हर चीज़ बहुत पहले ही नसीब में मुकर्रर कर दी गई है। कोई बच्चा पैदा होने से पहले ही यह तय था कि वो सईद (जन्नत जाने वाला है) या शक़ी (जहन्नम का हकदार) है। बाद में यह बदला नही जाता। इसलिए इबादत करने से कोई फायदा नही है।' जब रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने बयान किया कि क़ज़ा या क़दर आपके लिखे हुए को नही बदल सकती तो सहाबा-ए-किराम ने भी यही कहा:

'तो फिर हम हमारे लिखे गये नसीब के भरोसे ही रहते है और इबादत नही करते।' पर रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने जवाब दिया **इबादत करो उससे किसी के लिए नसीब मे लिखी हुई चीज़ आसान हो जायेगी** यानि जिसको पहले ही सईद कह दिया गया हो वो वही काम करेगा जो सईद करता है। इसी तरह यह समझा जा सकता है कि जो शक़ी होता है वो नाफरमानी करता है यह उसी तरह है जैसे जिन लागो के नसीब में तंदरूस्त होना लिखा है वो खाना और दवा लेते है और जिनके नसीब में बीमार और मरना लिखा है वो दवा और खाना नही लेते। जिनके नसीब में भूख से मरना लिखा है वो दवा और खाने से कोई फायदा नही उठा पाते। एक इन्सान जिसके नसीब में अमीर बनना लिखा है उसके लिये कमाई के ज़रिये खुले हैं। जिस शख़्स के मुकद्दर में मौत मशिरक में लिखी हो वो मग़रिब के सारे दरवाज़े बन्द पाता है। एक रिवायत के मुताबिक जब इज़राईल (अलैहिस्सलाम), पैग़म्बर सुलेमान (अलैहिस्सलाम) के पास आये तो आपकी मजलिस में बैठे हुए एक शख़्स को घूर कर देखा। फरिश्ते के इस सख्त तौर पर देखने की वजह से वो इन्सान डर गया। जब इज़राईल चले गये तो उसने सुलेमान से गुज़ारिश की कि वो हवाओं

को हुकम दे कि वो मुझे इज़राईल (अलैहिस्सलाम) से दूर मग़रिबी मुमालिको की तरफ ले जायें। जब इज़राईल (अलैहिस्सलाम) वापस आये तो सुलेमान (अलैहिस्सलाम) ने पूछा कि आपने उस शख़्स की तरफ इतना क्यो घूर कर देखा था इज़राईल (अलैहिस्सलाम) ने फरमाया मुझे हुकम था कि मैं एक घन्टे में इस शख़्स की रूह मगरिब के एक मीनार से कब्ज़ करूँ। पर जब मैने उसे आपकी सोहबत में बैठे देखा मैं हैरान रह गया। बाद में मैं मग़रिबी मुमालिक उसकी रूह कब्ज़ करने गया और मैने उसे वहाँ पाया और रूह निकाल ली। यह देखने की बात है कि इन्सान इज़राईल (अलैहिस्सलाम) से घबरा गया ताकि नसीब में लिखा हुआ पूरा हो सके और सुलेमान (अलैहिस्सलाम) ने फरमाया कि नसीब मे लिखा हुआ एक तरतीब से पूरा होता है। उसी तरह, एक इन्सान जिसे सईद नसीब किया गया है उसे कई ईमान वाले लोग मिलेगें और रियाज़त से वो अपनी गलतियों को सुधारेंगे। सूरह अनआम की **125** वीं आयत साफ करती है कि, **अल्लाह तआला जिसे सही रास्ता दिखाना चाहता है बन्दों के दिल में वो इस्लाम डाल देता है।** एक शख़्स जिसको शक़ी नसीब है और जहन्नम में जाना है वो यह, सोच रखता है कि इबादत करने की कोई ज़रूरत नही है। यह पहले ही लिखा जा चुका है कि इन्सान सईद है या शक़ी।' वो इस सोच की वजह से इबादत नही करता। उसकी इबादत न करने की सोच दिखाती है कि वो बहुत पहले शक़ी करार दिया जा चुका है। उसी तरह एक जाहिल जिसे जाहिल करार दिया जा चुका है, यह राय देता है, हर चीज़ पहले लिखी जा चुकी है। लिखने या पढ़ने से कोई फायदा नही, अगर तुम्हारे नसीब मे जहालत ही है तो। तब वो कोई इल्म हासिल नही करता और जाहिल ही रहता है। जिस तरह से एक किसान जिसने बहुत बीज बोए हो और खूब जुताई की हो उसे पता रहता है कि उसे फसल भी ज़्यादा मिलेगी। उसी तरह जिनकी किस्मत में सईद होना लिखा जा चुका है उनके लिए ईमान और इबादत है और जिनको शक़ी नसब किया जा चुका है उनके लिए कुफ़्र और ना फरमानी है। जाहिल जो इसको

समझ नही पाते वो कहते है, 'किस्मत में सईद होने से ईमान और इबादत और शाकी होने में कुफ़्र और नाफरमानी का क्या काम है?' अपने इस छोटे से तर्क से, वो इस ताल्लुक को समझाने की और अपनी समझ से हर चीज़ को हल करने की कोशिश करते है। पर इंसान के तर्क महदूद है, और जो चीज़ें समझ से बाहर हो उन्हें अपने तर्को से समझाना जहालत और बेवकूफी है। जो ऐसा सोचते है वो नासमझ है। ईसा (अलैहिस्सल्लाम) ने फरमाया, 'मेरे लिए किसी नवजात अन्धे इंसान को आँखों से दिखाना या किसी मुर्दे को ज़िन्दा करना मुश्किल नही है। पर मैं यह किसी जाहिल को नही बयान कर सकता।' अल्लाह तआला ने अपने ला महदूद इल्म और हिकमत से अपने कुछ गुलामो को फरिश्तों के बराबर और उनसे उपर का भी दरजा दिया है। और कुछ दूसरो को उसने कुत्ते और सूवरो से भी नीचे रखा।

हज़रत शरीफुद्दीन अहमद इब्ने यहया मुनिरी अपने **76** वें ख़त में लिखते हैं:

सआदत का मतलब है जन्नत का हकदार। और **शकावत** का मतलब है जहन्नम का हकदार सआदत व शाकवा अल्लाह तआला के दो गोदामों की तरह है। पहले गोदाम की चावी है फरमा बरदारी और ईबादत। दूसरे गोदाम की चावी है गुनाह। अल्लाह तआला ने बहुत पहले ही इंसान की किस्मत में उसका सईद या शक़ी होना तय कर दिया था। एक इंसान जिसे पहले सईद करार दिया गया हो और जिसे इस दुनिया में सआदत की चावी मिलने वाली हो वो अल्लाह का हुक्म मानता है। और वो शख़्स जिसे शक़ी करार दिया गया हो और जिसे दुनिया में शकावत की चावी मिलने वाली हो वो हमेशा गुनाह करता है। इस दुनिया में हर कोई किसी को देख कर यह जान सकता है कि वो सईद है या शक़ी। मज़हबी आलिम जो दूसरी दुनिया के बारे में सोचते है वो इससे समझ जायेगे के वो एक सईद है या शक़ी पर एक इंसान जो मज़हब से दूर है और

जिसे इस दुनिया की लत लगी हुई है वो यह नही समझ पायेगा। हर तरह की इज़्ज़त और रहमत अल्लाह तआला की इबादत करने में ही है। और हर तरह की बुराई परेशानियाँ गुनाहों से ही शुरू होती है। परेशानियाँ और बुरे हालात गुनाहों की वजह से ही पैदा होते है और राहत और सुकून अल्लाह तआला की फरमा बरदारी में है। [यह अल्लाह तआला का कानून है। इसे कोई बदल नही सकता। कोई चीज़ जो अपनी नफ्स को आसान और मीठी लगे हमें उसे साअदा नही समझना चाहिए। और ना ही नफ्स के लिए किसी मुश्किल या कड़वी चीज़ को शाकवा नही समझना चाहिए।] एक इंसान था जिसने अपनी ज़िन्दगी के कई साल जेरूस्लम की अकसा मस्जिद में इबादत करते हुए गुज़ार दी; पर जब उसने एक सजदे का इन्कार किया, और अपनी सारी इबादत को पूरी तरह खो बैठा। ताहम, क्योंकि असहावे कहफ का एक कुत्ता सिद्दीकियों से कुछ कदम पीछे चला, उसे इतना बढ़ावा दिया गया कि उसके नापाक होते हुए भी उसे पीछे नही किया गया। यह सच्चाई बहुत हेरान करने वाली थी; इल्म के इंसान इस पहेली को सदीयों तक हल नही कर पाये। इंसानी तर्क इस इलाही हिकमत को कभी समझ नही सकती। अल्लाह तआला ने आदम (अलैहिस्सलाम) को गेहूँ ना खाने को कहा, पर उसने ही खाने दिया; अल्लाह ने शैतान को आदम (अलैहिस्सलाम) के सामने सजदा करने को कहा, पर उसको सजदा कराना नही चाहा। उसने कहा कि हमें उसे देखना चाहिए; पर उसने इसका हुसूल नही चाहा था: इन मामलो में इलाही के रास्ते पर चलने वाले हाजीयों ने कुछ नही कहा पर उन्हें कभी समझ ही नही आया। तब हम कैसे कुछ कह सकते है? अल्लाह तआला को इंसानों का ईमान और इबादत की ज़रूरत नही, ना की किसी का कुफ्र और गुनाह उसे कुछ नुकसान पहुँचा सकता है। उसे अपनी मख़्लूक की ज़रूरत नही उसने इल्म से कुफ्र को मिटाने का एक ज़रिया बनाया और जहालत को गुनाह पैदा करने का ज़रिया बनाया। ईमान और फरमाबरदारी इल्म से शुरू होते है, जबकी कुफ्र और गुनाह जहालत से शुरू होते है।

फरमाबरदारी को नही छोड़ना चाहिए हत्ता कि वो चापलूसी लगे! और गुनाह से बचना चाहिए चाहे वो कितने भी छोटा लगे इस्लाम के उलेमा ने यह ऐलान किया कि तीन चीज़ें और तीन चीज़ों की वजह बनती है: फरमाबरदारी से अल्लाह की रज़ा मिलती है; गुनाहों से उसका गुस्सा मिलता है; ईमान से इज़्ज़त और वकार मिलता है। इस वजह से, हमें एक छोटे से छोटे गुनाह से भी बचना चाहिए; क्या पता उस गुनाह में अल्लाह का गुस्सा हो। हमें हर ईमान वाले को अपने से बेहतर समझना चाहिए। हो सकता है वो इंसान अल्लाह के महबूब लोगों में से हो। हर इंसान की किस्मत, जोकि पहले लिखी जा चुकी है, उसे कोई बदल नही सकता। अगर अल्लाह तआला चाहे, वो उस इंसान को भी माफ करदे जो गुनाह करता है और उसका हुक्म भी नही मानता। जब फरिश्तों ने पूछा, **'ऐ अल्लाह! क्या तू उस मख़लूक को बनाने जा रहा है जो दुनिया को नापाक करेगी और खून व कत्ल करेगी?'** तब अल्लाह ने यह नही कहा कि वो नापाक नही करेगी पर कहा, **'मैं वो जानता हूँ जो तुम नही जानते।'** उसका मतलब, 'मैं नाकाबिल को काबिल बनाता हूँ। मैं दूर को पास बनाता हूँ। मैं कम को ज़्यादा बनाता हूँ। तुम उन्हें उनके कामों से देखते हो जबकि मैं उन्हें उनके दिलों से देखता हूँ। तुम अपनी बे गुनाही को हिसाब में रखते हो! वो खुद को मेरी रहमत के भरोसे पर रखते है। जिस तरह में तुम्हारी मासूमियत को पसंद करता हूँ, तो उनके गुनाहों को माफ करना भी पंसद करता हूँ। तुम नही जान सकते जो मैं जानता हूँ। मैं उन्हें अपनी अबदी रहमतो को हासिल करने को कहता हूँ और हमेशा अपनी हिफाज़त में रखता हूँ।

शरीफुद्दीन अहमद इब्ने यहया मुनिरी (रहमतुल्लाह अलैहि) का इन्तेकाल **732 (1380** ई० पू०) में हुआ। यह हिन्दुस्तान के शहर बिहार में रहते थे। उनकी कब्र भी वही है। मुनीर बिहार के एक छोटे से गाँव के इलाके का नाम है। आप की ज़िन्दगी की कहानी किताब **अखबारूल अखयार** में शाह

अबदुल्लाह देहेलवी (रहमतुल्लाह अलैहि) के ज़रिये लिखी गई है। यह किताब फारसी में है और हिन्दुस्तान में **1332** (**1914** ई०) में देवबन्द नाम के शहर में छपी, और बाद में लाहौर पाकिस्तान में भी छपी। यह किताबें, **इर्शादुस सालिकीन, मदीनुल मानी** और **मकतूबात** बहुत कीमती है। गुलाम अली अब्दुल्लाह देहेलवी ('रहमतुल्लाहि अलैहि' वफात दिल्ली में **1240** हिजरी **1824**), अहले सुन्नत वल जमाअत के बड़े आलिम अहमद इब्ने यहया मुनिरी की **मकतूबात** पढ़ने की सलाह देते है और अपने **99** वें ख़त में बयान करते है कि यह दिल को साफ करने में बहुत असरदार है।

इमामे रब्बानी 'रहमतुल्लाहि अलैहि' ने अपने कई खुतूत में बयान किया है: "अल्लाह तआला के हुक्म **फर्ज़** है, और उसकी मना की हुई चीज़ों को **हराम** कहते है। काम जो ना फर्ज़ है और ना हराम और जिनको आज़ाद करार दिया जा चुका है उन्हें **मुबाह** कहते है। फर्ज़ो को पूरा करना, हराम से बचना और अल्लाह की रज़ा के लिए मुबाह काम करना **इबादत** कहलाता है। एक इबादत मकबूल तब कहलाती है जब वो अल्लाह तआला के तरीके के मुताबिक सही हो, **इल्म** की शर्त पर यानी कलिमात का पढ़ना और सीख़ का सही तरीके से पूरा होना, **अमल** यानी जिस तरीके से हुक्म है उस तरह से करना और **इख्लास** के साथ अदा करना। किसी चीज़ या काम को इख्लास के साथ करने का मतलब है उसे सिर्फ अल्लाह की रज़ा के लिए करना और दुनियावी फायदे जैसे पैसा, ओहदा या शौहरत को नज़र में रखते हुए ना करना। फिकह और इल्म सिर्फ फिकह की किताबों को पढ़कर और इस्लामी उस्ताद के साये में रह कर हासिल किया जा सकता है। और इख्लास वलियों के तौर तरीको और अल्फाज़ों को सुनकर और उनकी तसव्वुफ की किताबों को पढ़कर हासिल किया जा सकता है। इस्लामी तालीम के दो हिस्से है: मज़हबी इल्म और सांइसी इल्म। इन दोनों को जितना हो सके सीखना फर्ज़ है। मिसाल

के तौर पर जैसे एक बीमार के लिए फ़र्ज़ है कि वो दवा का पूरा इल्म ले कि उसे वो कब और कितनी मिकदार में लेनी है या किसी को बिजली का औज़ार इस्तेमाल करना हो तो उसे इल्म होना चाहिए कि कितनी बिजली की ज़रूरत पढ़ सकती है। वरना उसकी ख़ौफनाक मौत हो सकती है।

"अगर कोई मुसलमान जो अपने फ़र्ज़ों से जी चुराता है किसी बुराई की वजह से और बिना तौबा किये मर जाता है, हालांकि वो फ़र्ज़ और हराम पर ईमान रखता है, फिर भी वो दोज़ख़ की आग में तब तक जलाया जाएगा जब तक उसके गुनाहों का हिसाब पूरा न हो जाए।

एक शख़्स जो फ़र्ज़ नही सिखता या उनको एहमीयत नही देता हालांकी यह उन्हें जानता है और जो उनकी परवाह नही करता, अल्लाह तआला से किसी तरह का संदेह या डर महसूस नही करता, यह इस्लाम के बाहर चला जाएगा ओर एक मुशरिक बन जाएगा। यह दोज़ख़ की आग का हमेशा के लिए निशाना बन जाएगा और यह नियम हराम करने वालों पे भी लागु होता है। अगर कोई शख़्स इबादत के खास नियमो के मुत्तालिक जानकारी हासिल नही करता है और इसी वजह से बेख़बर है मुकर्रर शर्त के होने की जो इबादत इसने करी वह सही नही होगी हालांकी इसे इबादत ईख़लास के साथ अदा करनी है। यह दोज़ख़ की आग का निशाना होगा जैसे की इसने वो इबादत बिलकुल भी अदा नही की उस शख़्स के ज़रिये की गई इबादत जो मुकर्रर शर्ते जानता है और उनको पूरा करता है वह सही होगा और यही इसे दोज़ख़ से बचाएगा। किसी तरह अगर इसने इसे इख़लास के साथ अदा नही किया तो इसकी इबादत कुबूल नही की जाएगी और ना ही इसके दूसरे अच्छे आमाल कुबूल किये जाएगें दोनों में से इसे कोई सवाब (आख़िरत में इनामात) नही मिलेंगे।

अल्लाह तआला ने फरमाया है कि यह उसकी उस इबादत से खुश नही होगा या उसके दूसरे अच्छे और दीनी कामों से इबादत विना इल्म और इख्लास के अदा की हुई अच्छी नही होगी। यह इबादत करने वाले को कुफ़्र, गुनेहगारी, दुखों के ख़िलाफ नही बचाएगी। बहुत ज़्यादा तादाद में ज़िन्दगी भर की इबादत करने वाले मुनाफिक मुश्रीकों के रूप में मरने के गवाह है। इबादत, इल्म और इख्लास से अदा की हुई इबादतों को ग़ैर अकाईद और गुनेहगारी से बचाऐगी और इसे दुनिया में अज़ीज़ बनाऐगी। और आख़िरत में इसकी ज़िन्दगी भी, अल्लाहु तआला माइदा सूरह की नवीं आयत में वादा फरमाता है के यह इसे दोज़ख़ के अज़ाब से बचाऐगा। और यह वाअल सूरह में भी है। अल्लाहु तआला अपने वादे का सच्चा है यह हमेशा अपने वादे पूरे करता है।

अल्लाह अपने गुलाम के ज़रिये से भी इसका इन्तिकाम लेता है।
ईल्म-ए-लादुन्नी के बग़ैर लोगों को गुलाम के ज़रिये से किया गया है।
तमाम चीज़ें ख़ालिक से ताल्लुक रखती है गुलाम के ज़रिये गाढ़ी गई है।
एक तिनका भी नही हिलेगा इलाही की महिमा के बिना।

अल्लाह मौजूद है और एक है तमाम मख़लूकात ग़ैर मौजूद थी और ग़ैर मौजूद हो जाएगीं।

हम अपने आस पास की चीज़ों को अपने एहसासे अज़ाये के ज़रीये पहचान लेते है। चीज़ें जो हमारे आज़ाये एहसास को असर करती है वह **मख़लूक** कहलाती है। **मख़लूक** जो हमारे पाँच ऐहसासों पर असर करती है उन्हें **खुसुसियत** या **सिफात** कहा जाता है, जिसके ज़रीये वह एक दूसरे में भेद करते है। रोशनी, आवाज़, पानी, हवा और काँच का समान सभी अमन से है सब मौजूद है। मख़लूक जिसका कोई आकार है, वज़न और ख़ण्ड है, दूसरे अलफाज़ो में, जो खाली जगह घेरे उसे **पदार्थ** या **माल** कहा जाता है। पदार्थ एक दूसरे से खुसुसियत या खुसुसियतों के ज़रीये मुमैयज़ (अज़ीज़) बने हैं। हवा, पानी, पत्थर और काँच हर एक माद्दे हैं। रोशनी और आवाज़ माद्दे नही है क्योंकि दोनों में से कोई भी जगह नही घेरता और वज़न भी नही होता। **ताकत या तवानाई** होने के नाते, यही वजह है कि, यह काम कर सकता है हर माद्दे तीन हालत में हो सकते है। ठोस, द्रव और गैस। ठोस माद्दे का आकार होता है द्रव और गैसे उसी का आकार ले लेती है जिसके अन्दर वह होती है। और इनका कोई अहम आकार नही होता। माद्दे जिसका आकार हो उसे **चीज़** (वस्तु) कहा जाता है। माद्दे ज़्यादातर चीज़ें होती है। मिसाल के तौर पर चाबी, पिन, चिमटा, फावड़ा और कील अलग-अलग चीज़ें है अलग-अलग आकार की। लेकिन शायद यह समान माल से बना हो, लौहा। माद्दे दो तरह के होते है: अनसार और मर्कबाद।

हर चीज़ पर हमेशा तब्दीलियाँ होती रहती है: मिसाल के तौर पर, यह हो सकता है कि यह अपनी जगह बदल दे या छोटा या बड़ा बन जाये।इसका रंग बदल सकता है।अगर यह ज़िन्दगी जी रहा है तो यह बिमार हो सकता है या मर सकता है।इन तब्दीलियों को **वाकियात** कहा जाता है।मामले में कोई बदलाव नही होता जब तक बाहरी असर ना हो।एक वाकिया जो इस मामले के सार में कुछ नही बदलता उसे **जिस्मानी वाकिआ** कहते है।कागज़ का छोटा सा टुकड़ा फाड़ना जिस्मानी वाकिया है।कुछ ताकत माद्दे को ज़रूर असर करती है जोकि एक जिस्मानी वाकिया उस माद्दे को करता है।वाकिया जो माद्दे को तशकिल या जवाहर को बदलता है उसे **क्यामियाटी** कहा जाता है।जब कागज़ का एक टुकड़ा जल कर राख़ में बदल जाता है, **क्यामियाटी वाकिया** (केमीकल इवेन्ट) अपना काम करता है।एक माद्दे को जब दूसरे माद्दे से मुत्तासिर होना होता है तो क्यामियायी वाकिआ उस माद्दे में होता है।जब दो और ज़्यादा माद्दे मिल जाते है और क्यामियायी वाकिआ हर एक में हो जाता है, उसे **क्यामियायी रद्द अमल** कहा जाता है।

माद्दों के बीच क्यामियायी रद्द अमल, ताकि, उनका एक दूसरे पर असर करना, उनकी सबसे छोटी ईकाइयों का दरमियान होना (जोकि क्यामियायी को बदलने में हिस्सा ले सकती है) उसे **जवहर** कहा जाता है।हर चीज़ जवहर के बड़े पैमाने पर बनी है।

जबकि जवहर के ढाँचे बराबर है, उनके आकार और वज़न अलग है, इसी तरह से, आज हम जवहर के **105** तराहीयत जानते है।जबकि सबसे बड़ा जवहर बहुत ही मामूली और (नन्हा) है जोकि सबसे ज़्यादा ताकतवर है और उसे तेज़ सुक्ष्मदर्शी से भी नही देखा जा सकता।जब एक **उनसुर (तत्व)** से मिलते जुलते जवहर इकट्ठा होते है।जबसे वहाँ पर **105** तरह के जवहर और **105** तरह के उनसुर है।लौहा, गनधख़, पारा, ऑक्सीजन और कार्बन हर एक

उनसुर है।जब अलग जवहर मिल कर इकट्ठा होते है **मिश्रित** होकर और मुरक्कबात हज़ारों और लाखों है।पानी, शराब, नमक और चूना सभी मुरक्कबात है।जवहर या उनसुर दो या दो से ज़्यादा परमाणु से मिल जुलकर मिश्रित होकर बने है।

सभी चीज़ें मिसाल के तौर पर पहाड़, समुंद्र सभी तरह के पौधें और जानवर **105** उनसुर (तत्वों) से मिलकर बने है।इमारतों के पत्थरों व तमाम ज़िन्दा और ग़ैर ज़िन्दा माद्दे **105** उनसुर में से है।तमाम माद्दे जवहर के एक या ज़्यादा इन **105** उनसुरों में से ही मिला जुलाकर बनाये गये है।हवा, मिट्टी, पानी, गर्मी, रोशनी, बिजली और जरासीम मुरक्काबात को अलग या माद्दे को एक दूसरे में मिलाने की वजह या फिर किसी ओर वजह से नही बदलता।इन बदलावों में जवहर उनसुर की ईकाइयाँ एक माद्दे से किसी ओर माद्दे पर हिजरत या एक माद्दे छोड़कर फारीग़ हो जाना।हम चीज़ें ग़ायब देखते है लेकिन हम अपने नज़रीये से पहचान लेते हैं, क्योंकि हम ग़लत है, इस के लिए "ग़ायब होना" या "मौजूद होना" कुछ नही है।लेकिन यह माद्दों में एक तब्दीली है; किसी चीज़ का ग़ायब हो जाना, मिसाल के तौर पर कब्र का मुर्दा बदल जाता है नए माद्दों में जैसे कि पानी, गैसे और ज़मीनी माद्दें अगर नए माद्दें जो के एक तब्दीली के ज़रीये वजूद में आते है।हमारे ऐहसास आज़ाओं को मुतासिर नही करते हम ऐहसास नही कर सकते के वह वुजूद में है इसी वजह से हम कहते है कि पूरानी चीज़ें ग़ायब हो गई हालांकि यह सिर्फ एक बदलाव हुआ हम यह भी देखते है कि सौ में से हर एक उनसुर की फितरत बदलती है और यह के हर उनसुर में जिस्मानी और कामयावी वाक़िआत होते है जब एक उनसुर दूसरे में (या अन्य में) मिलता है मिलना योणों को बनना यानी इसके जवहर इलेक्ट्रोन पाते है या खोते है और इस तरह के उनसुर मुख़्तालिफ जिस्मानी या कियामीटी ख़ुसुसियत तबदील होती है हर उनसुर के जवहर को एक मरकज़ से बनाया

होता है और छोटे ज़रात की तादाद को मुख़्तलिफ **इलेक्ट्रान** कहा जाता है जवहर के बिल्कुल बीच में मरकज़ होते है। हाइड्रोजन के अलावा तमाम उनसुर के जवहर नाभिक से मिलकर बने है। जिसे प्रोट्रोन कहा जाता है। जो सकारात्मक बिजली के साथ चार्ज किया जाता है और **न्यूट्रॉन** जोकि बिजली प्रभार नही लेती। बिजली नकारात्मक बिजली के कण है जो नाभिक के चारों तरफ घूमती है।

इलेक्ट्रोन उनकी कक्षायों में हर पल नही घूमता वह अपनी कक्षायों को बदलते है, यह **रेडियोधर्मी** उनसुर में सबूत है कि वहा बदलाव है जिसे विग्खडंन कहते है यह जवहर के नाभिक में बहुत आगे जगह लेता है, इन जवहर विग्खडंन में एक उनसुर दूसरे में बदल जाता है और इस मामले के कुछ बड़े पैमाने पर मौजूद रहता है और ताकत में बदल जाता है यह बदलाव यहूदी भौतिक विज्ञानी आईस्टीन के ज़रीये तैयार किया गया है (d– 1375 A.H (1955)] इसलिए मिश्रणों की तरह उनसुर एक से दूसरे में बदलते है।

हर माद्दे, बदलना ज़िन्दा या ग़ैर ज़िन्दा यानी एक पुराना वाला ग़ायब हो जाता है और नया वुजूद में आ जाता है। हर ज़िन्दा मख़्लूक पौधें या जानवर जो आज वजूद में है ग़ैर वुजूद हुआ करते थे, और वहाँ पर दूसरी ज़िन्दा मख़्लूक हुआ करती थी। और आने वाले कल में आज के वक़्त की मख़्लूकात नही बचेगी, और कुछ दूसरी मख़्लूकात मौजूदगी में आ जाएंगी। इस तरह यह मामला सभी ग़ैर ज़िन्दा मख़्लूक के साथ है। सभी ज़िन्दा और ग़ैर ज़िन्दा मख़्लूकात, मिसाल के तौर पर, उनसुर, लौहा, मिले हुए पत्थर, हडडी और तमाम कण हमेशा बदलते रहते है, यानी, पूराना वाला ग़ायब हो जाता है और दूसरा वुजूद में आ जाता है। जब माद्दे की ख़ुसुसियत वुजूद में आती है और उन माद्दों में जो एक जैसे है, आदमी इस बदलाव को महसूस करने में नकाबिल होने लगता है इसकी एक मिसाल फिल्म में देखी गई के माद्दे हमेशा वुजूद में है, जहाँ एक अलग तस्वीर आँखों के सामने आई चन्द मुख़्तसर

वकफों से इसको अब महसूस करने के काबिल नही है, और देखने वालों को लगता है कि एक ही तस्वीर परदे पर चलती है। जब एक कागज़ का टुकड़ा जलता है और राख बन जाता है हम कहते है कि कागज़ ग़ायब हो गया और राख वुजूद में आ गई, क्योंकि हमने इस बदलाव को मेहसूस किया। जब बर्फ पिघलती है हम कहते है कि बर्फ ग़ायब हो गई और पानी वजूद में आ गया। यह **शरह अल–अकाइद** (**sharh al–Aqaid**) किताब की शरूआत में ही लिखा है क्योंकि सभी मख़लूक अल्लाह तआला के होने को साबित करती है, सभी मख़लूकों को **आलम** कहा जाता है साथ ही इसी किस्म की मख़लूक में से हर एक तबके को एक आलम कहा जाता है मिसाल के तौर पर इन्सान के आलम फरीश्तों के आलम जानवरों के आलम ग़ैर ज़िन्दा के आलम हर एक चीज़ को एक आलम कहते है।

यह **शरह अल मवाकिफ** [सैय्यद शरीफ अली जूरानी **शराह–ए–मवाकिफ** किताब के लेखक ने शिराज में **816** (1413 A.D.) वफात पाई।] किताब के **441** वे पेज पे लिखा है आलम हादिस है यानी सबकुछ एक मख़लूक है। दूसरे लफ्ज़ो में, यह बाद में वजुद में आयी थी जबकि यह नाबूद थी। [और हमने मख़लूक के ऊपर बयान किया है के यह हमेशा एक दूसरे से वजूद में आती है] दोनों बात और माद्दे की ख़ुसुसियत हादिस है।

इस बात पर वहाँ चार अगले अकाइद किये गये है। मुसलमानों, यहुदियों, इसाईयों और आग के पूजने वालों के मुताबिक मजोसदो और माद्दे दोनों मामलों की ख़ुसुसियत हदीस है। अरस्त के मुताबिक उन जो दार्शानिक फिलोस्फर में से हैं जो इसकी पैरवी कर रहे है। दोनों मामलात और माद्दे की ख़ुसुसियत अबदी है। उन्होंने कहा था के वह कहीं बाहर से वजूद में नही आए थे और वह हमेशा वजूद में है। नई केमीस्टरी मसबत तरीके से साबित करती है कि ये बयान गलत है। एक इन्सान जो इसपे भरोसा करता है या कहता है तो

वह इस्लाम से बाहर हो जाता है और मुशारिक बन जाता है। इब्न सीना [इब्ने सीना हुसैन नें **428** [1037 A.D.] में वफात पाई।] ने और मुहम्मद फारावी [दमशक, 339 A.H. (950)] ने भी ऐसा कहा। दार्शानिकों के मुताबिक पहले की अरस्तु मामला अबदी है लेकिन खुसुसियातें हादिस है। आज ज़्यादातर सांई सदान का यकीन गलत है किसी ने नही कहा है कि यह हादिस है और वह खुसुसियातें अबदी हैं। केलीनोस इन चारों में से किसी किस्म पे भी फैसला करने में कामयाब नहीं था।

मुसलमान काफी तरीकों से साबित करते हैं कि बात और उसकी खुसुसियत हादिस है। पहला तरीका उस बात की सच्चाई की बुनयाद है और इसके सभी कण हमेशा बदल रहे है कोई भी चीज़ जो बदलती है अबदी नही हो सकती, लेकिन हादिस होती है, हर माद्दे के अमल के ज़रिये उस पूराने से वुजुद में आये हैं यह इतने पीछे नही जा सकता जितना की अबदी है इन बदलावों की शुरूआत होनी चाहिए, यानी ग़ैर मौजूद कुछ शुरूआती माद्दे बनाये जाने चाहिए। अगर ग़ैर मौजूद शुरूआती मद्दा नही बनाया गया, यानी, एक पिछले माद्दे से होने वाले माद्दे के कामयाब होने का अमल। अगर यह बहुत पीछे चला गया वहाँ जहाँ खात्मा नही, वहाँ पर एक दूसरे से वुजूद में आने की माद्दों के लिए शुरूआत नही होगी, और आज कोई माद्दे मौजूद नही होगा। आज के मौजूद माद्दे और उनकी शुरूआत एक दूसरे की सच्चाई दिखाती है कि वह शुरूआती माद्दों से गुणा किये गये है जो ग़ैर मौजूदगी से बनाए गए थे।

इसके अलावा एक पत्थर जो आसमान से गिरता है उसके बारे में यह नही कहा जा सकता कि बहुत से टुकड़ों में आयेगा, आसमान जो कभी ख़त्म नही है या फिर वक़्त से जब से इसका मुताला किया, तब, समझ में आता है के यह ग़ैर मौजूदगी से आ रहा है, और कोई चीज़ जो कही जाती है अन्तता से बिलकुल नही आनी चाहिए थी। यह कहना जहालत और बेहुदा होगा, "यह

अन्तता से आता है" इसी तरह मर्द एक दूसरे से गुणा हो रहे है वह हमेशा के लिए नही आ सकते। ज़रूरी है कि इन्हे शुरूआती मर्द से गुणा किया जाये जोकि ग़ैर-मौजूदगी से बनाया गया था।

अगर वहाँ पर पहला मर्द ग़ैर-मौजूदगी से नही बनाया गया होता और मर्द एक दूसरे से गुणा होते रहते और हमेशा के लिए आ जाते तो आज कोई मर्द मौजूद नही होता। यही मामला हूबाहू हर मख़लूक के साथ है। यह जहालत होगी और बेहुदापन होगा सांईस की उन वजहों का कहना कि यह इसलिए आया है और इसलिए चला जायेगा। वहाँ पर ग़ैर-मौजूद से कोई शुरूआती माद्दे नही बनाया गया, माद्दे या मख़लूक एक दूसरे से शूरू हो रहे है। यह बदलाव होने का हमेशा इशारा नही करते लेकिन यह ग़ैर मौजूदगी से बाहर बनता हुआ दिखाता है, यानी, यह वाजिब अल वुजूद की गुणवत्ता होता हुआ नही दिखाता लेकिन मुमकिन अल वुजूद का होता हुआ दिखाता है।

सवाल: "इस आलम को बनाने वाला खुद और इसकी खुसुसियात अवदी है जबकी खुसुसियात रचनात्मकता अवदी है आलम अवदी नही हो सकता ?"

जवाब: हम हमेशा इस सच के गवाह हैं कि वो बनाने वाला है, जोकि अवदी है, माद्दों के बदलावों और ज़र्रात के ज़रीये मुख्तालिफ मतलब या वजाहें, यानी, यह उनका सफाया करता है और उनकी जगह पर दूसरों को बनाता है वो जब भी चाहे बनाता है वह अबदी बनाने वाला है। यानी, यह हमेशा एक दूसरे से माद्दो को बनाता है। जैसे कि इसने हर आलम को बनाया, हर मद्दे और हर ज़रात कुछ मतलबों और वजाहों के ज़रीये है, तो यह जब भी चाहे इन्हे बना सकता है बिना वजह और मतलब के।

एक शख़्स जो मानता है कि मख़लूक की किस्से हादिस है वह यह भी मानेगा की वह दोबारा साफ हो जायेगी। यह मुमकिन है कि वह मख़लूकात जो ग़ैर मौजूद थी और एक वक़्त बनाई गई थी वह दोबारा ग़ैर मौजूद बन सकती है। अब हम देखते है कि बहुत से मख़लूकात के वुजूद ख़त्म हो जाते है या बदल जाते हैं हमारे अज़ाये महसूसात को मुत्तासिर करने में ग़ैर काबिल हाल बन जाते हैं।

एक मुसलमान होने के नाते यह हकीकत मानना मोमिन के लिये ज़रूरी है कि माद्दों और चीज़ें और तमाम मख़लूकात ग़ैर मौजूद से बनाई गई है और वह दोबारा ख़त्म हो जायेंगी। हम यह देख रहे है कि माद्दे वुजूद में आ रहे हैं जब कि ग़ैर मौजूद थे और दूबारा भी ख़त्म हो रहे है; यानी उनकी शक्लें और ख़ुसुसियतें ग़ायब हो रही है, जब चीज़ों का वजूद ख़त्म होता है तो उनके माद्दे ख़त्म हो जाते है लेकिन जैसे कि हमने इसके उपर समझाया यह माद्दे अबदी नही है, दोनों में से कोई एक है; अल्लाहु तआला के ज़रीये यह बहुत वक़्त पहले बनाए गए और जब क़यामत आयेगी वो इन्हे दोबारा मिटा देगा। आज हमें सांईसी जानकारी इस बात को मानने से नही रोकती। इसे न मानना यानी सांईस की बदनामी करना है और इस्लाम के ख़िलाफ दूश्मनी का प्रतीक है। इस्लाम सांईसी जानकारी रद्द नहीं करता। यह मज़हबी ईल्म को सिखाने की भूल को रद्द करता है और इबादत के फराइज़ को और ना ही सांईसी जानकारी इस्लाम का इन्कार करती है। पर फिर भी यह तज़दीक है।

क्योंकि आलम हादिस है, ज़रूरी है कि इसे बनाने वाला हो जिसने इसे ग़ैर मौजूदगी से बनाया, जबसे जैसे कि हमने इसके बारे में समझाया, कोई वाकिआ अपने आप नही हो सकता। आज हज़ारों दवाऐं और घरेलू साज़ व समान, सनाती और तिजारती में तैयार हो रहे है इनमे से ज़्यादातर सौइयों दफा परखने के बाद फिर बेहतर हिसाब से तैयार किये गये। क्या वह कहते है कि

जबकि उनके ज़रीये वुजूद में आया? नही, वह कहते है कि यह होश और दिमाग के साथ बनाये गये और उनमे से प्रत्येक बनाने वाले की ज़रूरत है। अब यह दावा करते है के लाखों माद्दें जिदां और ग़ैर जिदां से मुत्तालिक और नई नवेली इजात की गई चीज़ें और वाकिये, जिनके डाँचे अब भी ना मालूम है, इतेफाक से खुद पैदा किये गये थे क्या ये हो सकता है, अगर मुनाफिकत नही है तो, मज़बूत अड़ियल रवेये या साफ-साफ बेवकूफपन? यह ज़ाहिर है कि बस एक बनाने वाला है जो हर माद्दे को वुजूद में लाता है। और हरकत को मूमकिन बनाता है। ये बनाने वाला **वाजिब अल वुजुद** है। यानी ग़ैर वुजूद में

होने के बाद वुजूद में नही आया था। इसे ज़रूरी है के हमेशा मौजूद होना चाहिए। इसे अपनी मौजूदगी के लिए किसी चीज़ की ज़रूरत नही है। अगर इसे ज़रूरत नही थी हमेशा मौजूदगी की, तो यह मूमकिन अल वुजूद होता, या हदीस, आलम के तौर पर एक मख़लूक मख़लूक की तरह है, वो कुछ भी तब्दीली के ज़रीये नही बना सकती, दूसरे मख़लूक में से जो भी ख़ालिक की तरफ से पैदा किया जाता है, इस तरह मख़लूक एक लामेहदूद तादाद में आती है। अगर हम इसके बारे में हू बा हू तरीके में सोचे जैसे की हमने इन बदलावों के बारे में समझाया है के मख़लूक लामेहदूद नही हो सकती, यह समझ में आ जायेगा की मख़लूक की एक लामेहदूद तादाद नही हो सकती और ये के तख़लीक की पहल वाहिद ख़ालिद की तरफ से शुरू की गई थी। क्योंकि अगर तख़लीककार एक दूसरे से बना रहे है और उस एक के बाद अन्नतकाल वापस चला गया है, साथ में शुरूआत करने के लिए वहाँ तख़लीककार नही होता, और ना ही ख़ालिक की मौजूदगी। इसलिए पहले ग़ैर पैदा ख़ालिक तमाम मख़लूक के लिए मनफरद है। इससे पहले या इसके बाद कोई ख़ालिक नही है। ख़ालिक को पैदा नही किया गया है और यह हमेशा मौजूद है अगर इसकी मौजूदगी एक पल के लिए भी खत्म हो जाती है तो

तमाम मख़लूक भी ना मौजूद हो जायेगी। वाजिब अल वुजूद को किसी भी हवाले से किसी भी चीज़ की ज़रूरत नही है। ये वो है जिसने ज़मीन बनाई, जन्नते जवहर और इस तरह एक बकायदा और महसूब हुकम बनाया इसके लिए बड़ी ताकत वाला व ज़्यादा जानकारी वाला होना चाहिए जो भी यह चाहे एक दम से बनाने के काबिल हो। और एक होना चाहिए। लेकिन इसमे कोई बदलाव नही होना चाहिए अगर इसकी ताकत लामेहदूद नही होती अगर यह ज़्यादा जानकारी वाला नही होता तो यह मख़लूकों बकायदा और मेहसूब हुकम में बनाने के काबिल नही होता अगर एक से ज़्यादा ख़ालिक होते और जब उनकी चाहत हो कुछ बनाने की तो इत्तेफाक नही होगा, लोग जिनकी ख़ुवाहिशात को वापस छोड़ दिया वह तख़लिककार नही होगे और चीज़ें जो पैदा की जायेगी तमाम मिली जुली होंगी। ज़्यादा जानकारी के लिए अरबी और तुर्की अली उशी के तवसरूह कसीदत अल अमाली पढ़े [d- 575 A.H. (1180)] **कसीदत अल अमाली.**

ख़ालिक में बदलाव नही होता। दुनिया को बनाने से पहले यह वैसा ही था जैसा आज है, जैसे की इसने सबकुछ ग़ैर मौजूदगी से बनाया, इसी तरह यह हमेशा और सबकुछ अब भी बनाता है; वरना तो, कोई भी बदलाव मख़लूक को इशारा करता है और यह ग़ैर मौजूदगी से पैदा किया गया है, हमने इसके ऊपर समझाया है कि यह हमेशा मौजूद है और यह मौजूदगी कभी ख़त्म नही होगी। इसलिए इसमे कोई बदलाव नही होता। जैसे कि शूरूआत में मख़लूक को ज़रूरत पड़ी इसकी इनको बनाने में, इसी तरह इन्हे हर पल इसकी ज़रूरत है यह अकेले सबकुछ बनाता है, हर बदलाव करता है। यह सबकुछ मतलब में बनाता है ताकि आदमी जिदां और मज़हब में रह सके ताकि सबकुछ हुकुम में रहेगा, जैसे की इसने वजाहें बनाई इसी तरह यह ताकत पैदा करता है, वजाहों में असर आदमी कुछ नही बना सकता, इन्सानों के काम सिर्फ वजाहों के ज़रिये माद्दे को असर करते है।

जब भूके हो ख़ाना, जब बीमार हो दवाई लेना, मोमबत्ती की रोशनी के लिए एक माचिस को जलाना, हाइड्रोजन हासिल करने के लिए जिंक पर कुछ ऐसीड डालना चूने को मिटटी के साथ मिलाना और इनके मिश्रण को गर्मी देना सीमेंट बनाने के लिए, दुध पाने के लिए गाय को ख़िलाना, बिजली पैदा करने के लिए एक पनबिजली स्टेशन की तामिर और किसी तरह का कारख़ाना तामिर करना ये सभी काम की मिसालें ज़रिये के तौर पर है, वजाहें इस्तेमाल हो रही है। ताकि अल्लाह तआला नई चीज़ें बनाए। आदमी की तमन्ना और ताकत भी मतलब है जो की इसके ज़रिये बनाए गए। और आदमी को बनाने के अल्लाह तआला के मतलब है। अल्लाह तआला इस अदांज़ में बनाना चाहता है जैसा की यह देख़ा जाता है। ये एक जाहिलपन बेतुका लफ्ज़ है वजाहों से बे मेल है सांइस का कहना है के फला फला ने बनाया", या "हमने बनाया"।

उस अनोख़े बनाने वाले से आदमी को प्यार करना चाहिए जिसने उन्हें बनाया और ज़िन्दा करा और उनकी ज़रूरीयात की चीज़ें बनाई और भेजी। इन्हे इसका गुलाम और नौकर रहना चाहिए। क्योंकि हर मख़लूक को इबादत करनी है और इसकी इज़्ज़त और कहना मानना है। ये लम्बाई से सातवें सफे पर लिख़ा है। इसने अपने आप में ज़ाहिर कर दिया है के इसका नाम वाजिब अल वुजूद है इस परवरदीगार को इस ख़ुदा को जो की एक अल्लाह है। आदमी को हक नही है कि वह अपना नाम बदले जिससे यह अपनी पहचान करवाये। यह काम बहुत गलत, घिनौना होगा जोकि नाइन्साफी से पूरा किया जाए।

ईसाई और उनके पादरी मानते है कि तीन ख़ालिक होते है। जो बहस हमने पीछे पेश करी वो यही साबित करती है कि ख़ालिक एक है और ईसाईयों और पादरीयों की बहस मसनूअी और ग़लत है।

जब इल्म चला जाएगा, इस्लाम भी चला जाएगा,
तब इस नफरत से, जिसे हम जहालत कहते है,
हमें खुदको वसीह कौम से आज़ाद करने की कोशिश करनी चाहिए।
क्या हाल की तबाही, सलाह के लिए कम है ?
एक नया ज़लज़ला काफी बुरा होगा।
